# आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 23.08.2022 को संपन्न आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया तदुपरांत, सभी सदस्यों के स्वागत के पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

विभागवार राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई।

**(1) वाणिज्यकरः–**

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 63248.00 | 21157.00 | 8589.29 | 40.60 | 13.58 |
| कटिहार | 31559.00 | 10185.00 | 5926.56 | 58.19 | 18.78 |
| अररिया | 26648.00 | 8382.00 | 4679.72 | 55.83 | 17.56 |
| किशनगंज | 21393.00 | 7205.00 | 4937.92 | 68.53 | 23.08 |

प्रमंडलान्तर्गत जिलों में वाणिज्यकर से राजस्व संग्रहण की स्थिति दयनीय पायी गयी। इसमें सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि जी0एस0टी0 के संबंध में जागरूकता फैलाया जाय एवं रिटर्न फाईल न करनेवाले निबंधित संस्थानों को नोटिस निर्गत किया जाय। रिटर्न फाईल न करनेवाले निबंधित संस्थानों की सूची अलग से तैयार कर लगातार उनका अनुश्रवण करें। इसके अलावा, बड़े बकायेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर निर्माण सामग्री की खरीद से संबंधित बिल में जी0एस0टी0 नं0 अवश्य अंकित हो एवं नियमानुसार टैक्स की कटौती भी सुनिश्चित की जाय। आयुक्त द्वारा निदेशित किया गया कि जिलों एवं प्रमंडल स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ विभागीय दिशा–निदेश के आलोक में राजस्व संग्रहण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। साथ ही, अपने–अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित कार्य–कलापों/उपलब्धियों के संबंध में मासिक प्रगति प्रतिवेदन से आयुक्त को अवगत कराया जाय।

**(2) परिवहन/क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार/दालकोला चेकपोस्टः–**

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार | 240.00 | 80.00 | 86.33 | 107.91 | 35.97 |
| दालकोला चेक पोस्ट | 1759.00 | 588.00 | 536.50 | 91.25 | 30.50 |
| पूर्णिया | 16255.00 | 5416.00 | 4191.35 | 77.39 | 25.79 |
| कटिहार | 4867.00 | 1620.00 | 1516.00 | 93.58 | 31.15 |
| अररिया | 5142.00 | 1716.00 | 1571.16 | 91.55 | 30.55 |
| किशनगंज | 3930.00 | 1312.00 | 1151.00 | 87.72 | 29.28 |

सभी जिलो में राजस्व संग्रहण की स्थिति असंतोषजनक है। वित्तीय वर्ष के चार माह बीत जाने के उपरांत कम–से–कम लक्ष्य का 33.33 प्रतिशत लक्ष्य की वसूली अपेक्षित है। अतएव इसमें सुधार लाने का निदेश दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अपने जिलान्तर्गत वाहनों की जाँच कर वसूली की दिशा में कार्रवाई करें।

समीक्षा के क्रम में दालकोला चेकपोस्ट के राजस्व संग्रहण कम पाई गई। इसमें सुधार लाने हेतु आयुक्त महोदय द्वारा पूर्व में जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्णिया को निदेश दिया गया था कि चेक–पोस्ट पर कार्यरत कर्मियों का रोस्टर इस प्रकार बनाया जाय कि प्रत्येक दिन पालीवार प्रत्येक कर्मी का रोस्टर In and Out पाली में परिवर्तित होता रहे। जिन कर्मी द्वारा राजस्व संग्रहण सबसे कम किया गया है उन्हें एक माह के लिए उक्त चेक–पोस्ट से हटाकर जिला परिवहन कार्यालय, पूर्णिया में कार्य लिया जाय और जिस कर्मी को गत माह में जिला परिवहन कार्यालय में रखा गया उन्हें एक मौका देते हुए उक्त चेक–पोस्ट पर रोस्टर में शामिल किया जाय। इस प्रकार प्रत्येक माह कर्मीवार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करने पर यदि किसी कर्मी का राजस्व संग्रहण लगातार दो माह तक सबसे कम पाया जाता है तो उन्हें अगले तीन माह तक राजस्व संग्रहण कार्य से वंचित करते हुए जिला परिवहन कार्यालय में सेवा ली जाय तथा उनकी संविदा समाप्त करने की कार्रवाई करते हुए दूसरे कर्मी की मांग की जाय। समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ कि उनके द्वारा इसका सही ढंग से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। आयुक्त द्वारा इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्णिया से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। सभी DTO/MVI अलग–अलग सघन चेकिंग करें ताकि राजस्व प्राप्ति में वृद्धि हो सके। विशेष अभियान चलाकर विभागीय पदाधिकारी ओभरलोडिंग वाले वाहनों एवं छोटे वाहनों के परमिट की सघन चेकिंग करें। साथ ही, नियमित अनुश्रवण करें ताकि राजस्व संग्रहण में अपेक्षित सुधार हो सके।

यह भी निदेशित किया गया कि परिवहन के बकाये राशि की वसूली से संबंधित जितने भी नीलाम पत्र दायर हैं, उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित किया जाय। बड़े बकायेदार के विरूद्ध हर माह में प्रत्येक थाना स्तर से कम से कम 10 वारंट जारी कर निष्पादित किया जाय, ताकि विभागीय राजस्व संग्रह में वृद्धि हो सके।

**(3) खननः–**

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 3418.30 | 455.76 | 201.09 | 44.12 | 5.88 |
| कटिहार | 3842.22 | 512.28 | 592.56 | 115.67 | 15.42 |
| अररिया | 3305.44 | 440.72 | 334.53 | 75.9 | 10.12 |
| किशनगंज | 4432.27 | 590.96 | 709.66 | 120.08 | 16.01 |

पूर्णिया जिले में खनन से राजस्व वसूली अन्य जिलों की अपेक्षा काफी कम पायी गयी। आयुक्त द्वारा इस संबंध में चिन्ता व्यक्त करते हुए वसूली में अविलंब सुधार लाने का निदेश दिया गया। अन्य सभी जिलों में भी राजस्व वसूली असंतोषजनक पाई

गई। सभी पदाधिकारियों को व्यक्तिगत अभिरुचि लेकर राजस्व वसूली बढ़ाने हेतु हरसंभव प्रयास करने का निदेश दिया गया। वैसे ईंट भट्ठों की जाँच की जाय, जो निबंधित नहीं है। इस कार्य हेतु अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं चौकीदार की मदद ली जाय। अवैध ईंट भट्ठे से दंड की राशि वसूल करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाय। यथास्थिति सर्टिफिकेट केस भी दायर किया जाय। आयुक्त द्वारा खनन से संबंधित सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि राजस्व वसूली बढ़ाने की दिशा में उनके द्वारा किये जा रहे सभी प्रकार के मासिक कार्य–कलापों / गतिविधियों का समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय, ताकि इनके कार्यो की समीक्षा की जा सके।

निदेशित किया गया है कि सभी खनन पदाधिकारी नियमित रूप से सघन जाँच करेंगे। सहायक निदेशक, खान एवं भूतत्व, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को निदेशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ खनन कार्यालयों के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराऐंगे।

(4) निबंधन:–

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 23018.00 | 5432.00 | 6417.00 | 118.14 | 27.88 |
| कटिहार | 17671.00 | 4175.00 | 4971.00 | 119.06 | 28.13 |
| अररिया | 12680.00 | 3018.00 | 3673.00 | 121.71 | 28.97 |
| किशनगंज | 9534.00 | 2187.00 | 2319.00 | 106.03 | 24.32 |

सभी जिलों में निबंधन से राजस्व वसूली कम पायी गयी। आयुक्त द्वारा इसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली में अविलंब सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया।

जिलों में निबंधन से पूर्व संबंधित भूमि की भौतिक जाँच नहीं होने पर आयुक्त द्वारा चिंता व्यक्त की गई एवं सभी अवर निबंधकों को निदेशित किया गया कि वे निबंधन से पूर्व भूमि की भौतिक जाँच यथासंभव करवा लें। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि जमीन का निबंधन वैल्यूएशन से कम मूल्य पर न हो इसे सुनिश्चित किया जाय। बताया गया कि निबंधन 2016 में बने MVR के आधार पर हो रहा है। वर्त्तमान भूमि का स्वरूप विकासशील / शहरी / आवासीय हो गया है। अतएव MVR में पुनरीक्षण के लिए विभाग से पत्राचार किया जाय। यह भी निदेशित किया गया कि सहायक महानिरीक्षक, निबंधन, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया विगत एक वर्ष के अन्दर किये गये शहरी क्षेत्र के निबंधित दस्तावेजों की जाँच कर प्रतिवेदन देंगे कि इसमें कोई राजस्व की क्षति तो नहीं हुई है।

(5) भू–लगानः–

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 1474.04 | 294.80 | 378.95 | 128.54 | 25.71 |
| कटिहार | 1250.00 | 250.00 | 395.61 | 158.24 | 31.65 |
| अररिया | 1206.15 | - | 139.30 | 11.55 | - |
| किशनगंज | 858.48 | 171.68 | 103.09 | 137.83 | 45.94 |

किशनगंज को छोड़कर अन्य सभी जिलों में भू–लगान की वसूली असंतोषजनक पायी गयी। आयुक्त द्वारा तत्काल भू–लगान वसूली में सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया। इसके अलावा, भूमि–विवादों/राजस्व न्यायालय संबंधी वादों के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निष्पादन हेतु निदेश दिये गए।

(6) सैरातः–

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 275.90 | 55.18 | 117.07 | 212.16 | 42.43 |
| कटिहार | 275.82 | 275.82 | 951.27 | 344.89 | 344.89 |
| अररिया | 93.87 | - | 66.32 | 70.65 | - |
| किशनगंज | 196.77 | 65.59 | 90.40 | 137.83 | 45.94 |

पूर्णिया एवं किशनगंज जिले में सैरात से राजस्व की वसूली की स्थिति काफी खराब पायी गयी। इसमें तत्काल सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया। इसके अलावा, जितने सैरात बन्दोबस्त हो गये हैं उसमें यदि आयुक्त स्तर से स्वीकृति की आवश्यकता है तो उसे शीध्र भेजने का निदेश दिया गया। सैरातों की बन्दोबस्ती में सरकार के राजस्व हित को ध्यान में रखना सर्वोपरि है। सभी सैरातों की बन्दोबस्ती निश्चित रूप से ससमय कर लिया जाय।

(7) माप–तौलः–

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 205.562 | 58.242 | 68.874 | 118.25 | 33.50 |
| कटिहार | 99.06 | 28.067 | 27.799 | 99.04 | 28.06 |
| अररिया | 116.187 | 32.919 | 32.161 | 97.69 | 27.68 |
| किशनगंज | 53.625 | 15.193 | 13.167 | 86.66 | 24.55 |

(33) (32)

पूर्णिया जिला को छोड़कर अन्य जिले में राजस्व की वसूली की स्थिति खराब पायी गयी। आयुक्त द्वारा तत्काल इसमें सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया। माप–तौल विभाग से संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी पेट्रोल पंपों का तीन महीने के अन्दर जाँच कर लें कि विक्रय किये जा रहे पेट्रोल का मापक सही है अथवा नहीं? उप नियंत्रक, माप–तौल, पूर्णिया को निदेशित किया गया कि वे क्षेत्रीय कार्यालयों का नियमित रूप से बैठक पर प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। इसके अलावे जिलान्तर्गत केन्द्र/राज्य द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं का व्यौरा, लक्ष्य एवं उपलब्धि से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

(8) सहकारिता:–

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 8.58 | 2.86 | 1.86 | 65.02 | 21.67 |
| कटिहार | 17.37 | 5.79 | 1.54 | 26.59 | 5.86 |
| अररिया | 5.00 | 1.66 | 1.30 | 78.31 | 26.6 |
| किशनगंज | 17.50 | 5.84 | 1.96 | 33.56 | 11.20 |

कटिहार जिले में राजस्व की वसूली की स्थिति काफी खराब पायी गयी। आयुक्त द्वारा तत्काल इसमें सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि पैक्सों में संधारित लेखाओं के अंकेक्षण शुल्क के तौर पर राजस्व की प्राप्ति होती है। निदेश दिया गया कि अंकेक्षण कार्य में तेजी लाया जाय एवं इसे गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय। जिलान्तर्गत केन्द्र/राज्य द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं का व्यौरा, लक्ष्य एवं उपलब्धि से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।

(9) मत्स्य:–

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 39.29 | 13.10 | 15.24 | 116.38 | 38.79 |
| कटिहार | 157.98 | 52.66 | 65.48 | 124.34 | 41.75 |
| अररिया | 10.43 | 3.48 | 2.73 | 78.56 | 26.19 |
| किशनगंज | 17.81 | 5.94 | 4.60 | 77.48 | 25.83 |

अररिया एवं किशनगंज जिले में राजस्व की वसूली की स्थिति काफी खराब पायी गयी। आयुक्त द्वारा तत्काल इसमें सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी, अररिया बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित पाये गये। इस संबंध में उप निदेशक, मत्स्य को निदेशित किया गया कि वे जिला मत्स्य पदाधिकारी, अररिया से स्पष्टीकरण प्राप्त कर सम्यक कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। साथ ही, जिलान्तर्गत केन्द्र/राज्य द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं का व्यौरा, लक्ष्य एवं उपलब्धि से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध करायेंगे।

**(10) वन :–**

| जिला का नाम | कुल वार्षिक लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक का लक्ष्य | प्रतिवेदित माह तक की उपलब्धि | प्रतिवेदित माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूर्णिया | 60.00 | 20.00 | 74.11 | 371.00 | 124.00 |
| कटिहार | 20.00 | 6.67 | 11.40 | 171.00 | 57.00 |
| अररिया | 37.00 | 12.32 | 17.81 | 144.62 | 48.16 |
| किशनगंज | 30.00 | 10.00 | 9.61 | 96.12 | 32.04 |

किशनगंज जिले में राजस्व की वसूली की स्थिति कम पायी गयी। आयुक्त द्वारा इसमें सुधार लाने हेतु निदेश दिया गया। आयुक्त द्वारा वन प्रमंडल के अधीन चल रहे सभी प्रकार की योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गयी।

**(11) उद्योगः–**

प्रमंडलान्तर्गत जिलो के महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा बताया गया कि वर्त्तमान में विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण से संबंधित जिलावार कोई लक्ष्य उन्हें संसूचित नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत युवाओं/महिलाओं को रोजगार प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उद्योग विभाग के सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि वे मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का अनुश्रवण कर तीन महीनें के अन्दर लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। साथ ही, जिलान्तर्गत केन्द्र/राज्य द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं का व्यौरा, लक्ष्य एवं उपलब्धि से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र प्राप्त करायेंगे।

**(12) अन्यान्यः–**

उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि वे राजस्व संग्रहण हेतु व्यक्तिगत अभिरूचि लेकर संबंधित विभागीय नियमों/परिपत्रों के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। राजस्व संग्रहण से संबंधित सभी विभागों के नीलाम पत्र वादों से संबंधित पंजी 9 एवं पंजी 10 का मिलान कराया जाय एवं बड़े बकायेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

अंत में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

24/8/22

आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 2874 दिनांक 25/08/22 (30)

प्रतिलिपि :– निरीक्षक, माप एवं तौल, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला अवर निबंधक, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– खनिज विकास पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संयुक्त आयुक्त(राज्यकर), पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सहायक महानिरीक्षक निबंधन, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर आयुक्त(राज्यकर), पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सहायक निदेशक, खनन, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– उप निदेशक, मत्स्य, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– उप नियंत्रक, माप एवं तौल, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– समाहर्त्ता, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– वन संरक्षक, पूर्णिया अंचल, पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

25/8/22

आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

O/C